7.36 लाख के विदेशी सिगरेट जब्त

जब्त सिगरेट को दिखाते कस्टम्स व आरपीएफ के कर्मी

हावड़ा : शुक्रवार को हावड़ा स्टेशन से विदेशी सिगरेट जब्त किये गये। कस्टम्स के एसआरआई के अधिकारियों ने छापामारी करते हुए 540 कार्टून सिगरेट जब्त किये हैं। आरपीएफ की मदद से कस्टम्स को सूचना मिली कि हावड़ा स्टेशन गुड्स डिपार्टमेंट पर अज्ञात कार्टून पड़े हुए थे। उसे जब खोलकर देखा गया तो उसमें भारी मात्रा में 245 कार्टून विंगकिंग हांगकांग और 295 कार्टून ऐसे लाइट्स कोरिया ब्राण्ड के सिगरेट थे। इनकी बाज़ार की कीमत 7.36 लाख रुपये हैं।